







# श्रीमद् भागवत कथा में धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

## मझगवां के राजाधिराज मंदिर में चल रही है कथा, जब-जब धरती में अत्याचार बढ़ा प्रभु ने अवतार लिया : आचार्य डॉ विपिन कृष्ण महाराज

नवभारत न्यूज

**सतना 10 जनवरी, मझगवां नगर के प्राचीन राजाधिराज मंदिर में क्षेत्र के युवा समाजसेवी आशुतोष द्विवेदी एवं नगर वासियों द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन चल रहा है जिसमें देव बड़े देव बाबा आश्रम बरौंधा के पीठाधीश्वर आचार्य डॉक्टर विपिन कृष्ण जी महाराज के श्रीमुख से क्षेत्र वासियों को कथा का रसपान करवाया जा रहा है.**



आज चतुर्थ दिवस की पावन कथा में आयोजक मंडल व नगरवासियों द्वारा धूमधाम से श्रीकृष्ण जन्मोत्सव भव्य एवं दिव्य रूप से मनाया गया जिसमें आचार्य श्री ने कहा जब जब पृथ्वी में अन्याय अत्याचार होता है प्रभु किसी न किसी रूप में अवतार लेते हैं व समस्त जीव प्राणी आदि का कल्याण करते हैं. चौथे दिन श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के पश्चात् कथा का समापन होते ही वृहद भंडारे का आयोजन हुआ युवा समाजसेवी आशुतोष द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया की इस कार्यक्रम में कथा के पश्चात् निरंतर भंडारे की सेवा जारी रहेगी इस कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में अनिल अग्रवाल गोयल मेडिकल तथा प्रमुख रूप से मंदिर के पुजारी सूर्यभान उर्मलिया, कमलेश जैसवाल,रामकिशोर गर्ग जी बाबा जी ढाबा वाले,आशीष पांडेय सूर्या कंप्यूटर,नूतन शर्मा,नीलू गुप्ता,सुमित सोनी, रोशन अग्रवाल,लक्की गुप्ता,अतुल अग्रवाल श्याम वर्ण होटल,शिवा गर्ग, अजय पांडेय,अमन गर्ग राघव मेडिकल, गुलब्बू गर्ग, राजाराम गर्ग, सीमा जैसवाल,ज्ञानी जैसवाल,विपिन द्विवेदी,जानू शुक्ला, योगेश गर्ग,आशीष शर्मा,मनोज पांडेय आस्था स्कूल ,प्रमोद कुशवाहा प्रिंस मार्बल,ओम अग्रवाल, हरिश्चंद्र जैसवाल, मनोज सेन,अजय सेन के सहयोग से सामूहिक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है ।



# शासकीय तालाब पर कब्जे की कोशिश नाकाम

▶ ग्रामीणों के विरोध के चलते पुलिस को लौटना पड़ा

नवभारत न्यूज

**कोटर 10 जनवरी, कोटर तहसील क्षेत्र के ग्राम घोरकाट में स्थित शासकीय तालाब को दबंगों द्वारा फर्जी तरीके से अपने नाम दर्ज कराने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि शासकीय तालाब की भूमि पर नियमों को ताक पर रखकर अवैध नामांतरण कराया गया है।**

इस मामले को लेकर ग्रामीणों ने पहले ही रामपुर बाघेलान एसडीएम कार्यालय में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की थी। शिकायत के बावजूद प्रकरण अभी भी एसडीएम कार्यालय में पेंडिंग बताया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि जांच लंबित होने के बावजूद दबंगों ने सभापुर पुलिस को मौके पर बुलाकर जबरन कब्जा करने की कोशिश की। इससे नाराज ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और पुलिस की कार्रवाई के विरोध में जमकर नारेबाजी शुरू कर दी। स्थिति को बिगड़ता देख सभापुर पुलिस को बिना कार्रवाई किए मौके से लौटना पड़ा। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक प्रशासन द्वारा निष्पक्ष जांच कर निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक किसी भी प्रकार का कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि शासकीय तालाब को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।




# ग्रामोदय विश्वविद्यालय में विवेकानंद जयंती कार्यक्रम प्रारंभ

▶ निबंध प्रतियोगिता, व्याख्यान, स्वास्थ्य परीक्षण आयोजित स्वयं बढ़े औरों को बढ़ाएं : प्रो आलोक चौबे, कुलगुरु

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट, 10 जनवरी, निबंध प्रतियोगिताओ, व्याख्यान और स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रमों के साथ आज महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय कैंपस में स्वामी विवेकानंद जयंती कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।**

सीएमसीएलडीपी भवन स्थित बाल्मीकि सभागार में आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलगुरु प्रो आलोक चौबे ने की। इस अवसर पर प्रो चौबे ने अपने मार्गदर्शक उद्बोधन में स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए युवा विद्यार्थियों का आवाहन किया कि वे स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन को आत्मसात कर राष्ट्र के नव निर्माण में अपना योगदान दे। कुलगुरु प्रो आलोक चौबे ने कहा कि स्वयं बढ़े औरों को भी बढ़ाएं ।विवेकानंद के ध्येय वाक्य को बताते हुए उन्होंने कहा कि उठो जागो और तब तक न रूको, जब तक तुम अपना लक्ष्य प्राप्त न कर लो। इस मौके पर विद्यार्थियों और शिक्षकों ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यादायिनी मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण,दीप प्रज्वलन, स्वस्तिवाचन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। कार्यक्रम संयोजक ने कार्यक्रम के उद्देश्य और पृष्ठ भूमि पर प्रकाश डाला। इस मौके पर कुलसचिव प्रो आर सी त्रिपाठी, अधिष्ठाता प्रबंधन प्रो. अमर जीत सिंह, डॉ रविकांत श्रीवास्तव, डॉ एस एस सिंह, विकास द्विवेदी सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन डॉ श्याम सिंह गौर ने किया। इसी श्रृंखला में आयुर्वेद इकाई तत्वाधान में स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया ।विद्यार्थियों सहित शिक्षकों और कर्मचारियों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया।

बौद्धिक आयोजन के क्रम में स्वामी विवेकानन्द के व्यक्तित्व और कृतित्व पर केन्द्रित निबंध प्रतियोगिता का आयोजन संकाय स्तर पर किया गया। कृषि, कला, प्रबंधन, अभियांत्रिकी एवं विज्ञान संकाय में संपन्न इस प्रतियोगिता में बढ़ चढ़ कर छात्र छात्राओं ने भाग लिया। निबंध प्रतियोगिता मे विवेकानंद जी का कृतित्व एवं व्यक्तित्व, विवेकानंद के सपनों का भारत ,विवेकानंद और स्वराष्ट्र एवं विवेकानंद का जीवन परिचय आदि को विषय के रूप में चिन्हित किया गया था।

# लायंस क्लब उद्धव कोटर तिहाई में लगाया मेडिकल कैंप

नवभारत न्यूज

**कोटर 10 जनवरी, लायंस क्लब उद्धव द्वारा तिहाई में डॉ सर्वेश सिंह के मार्गदर्शन एवं सहयोग से मेडिकल कैम्प लगाया गया।**

डॉ सिंह ने बताया एन सी डी प्रोग्राम केंद्र सरकार द्वारा चलाए जाते है जिसमें शुगर ओरल कैंसर सर्वाइकल कैंसर उच्च रक्त दान आदि का पता लगाकर सही समय में उसका निदान किया जाता है जिसमें लायंस क्लब कोटर के अध्यक्ष मृत्युजंय मिश्रा सचिव सव्यसाची एवं सचिव जयेंद्र द्वारा ब्लड शुगर बी पी की जांच की गई एवं डॉ सर्वेश सिंह द्वारा दवाएं भी दी गई। पी आर ओ विपिन शर्मा ने बताया कि 165 मरीजों की जांच कर दवाई दी गई 7 लोग ब्लड प्रेशर एवं 6 लोग शुगर के मरीज मिले जिन्हें सलाह एवं दवा दी गई ब्लड शुगर जांच किट पीडीजी मल्टीपल कोषाध्यक्ष लायन सुधीर जैन द्वारा प्रदान की गई थी ।कार्यक्रम में चिकित्सा स्टॉप के सीएचओ रामबहादुर सिंह ,रागनी ,पूजा रजक, प्रियंका पटेल, निवेदिता ,मधु ,सविता, सरला, उमा ,कमलेश पाण्डेय हेड नर्स सत्यवती सिंह ,सरला सिंह, फूल कुमारी ,माया साकेत ,ममता ,ध्रुव ,शकुंतला ,ज्योति पंचेश्वर तिलेश्वरी कविता सिंह सतेंद्र सिंह बीरेंद्र सिंह डीईओ शुभम तिवारी इंद्रमणि केवट उपस्थित रहे क्लब की तरफ से हेल्दी फूड गर्भवती महिला सोनम आदिवासी एवं सुरेखा रावत को सेव बिस्कुट प्रदान किए गए कार्यक्रम डॉ रमेश मिश्रा के नेतृत्व में हुआ भविष्य में और भी कैंप क्षेत्र आयोजित किए जागेंगे । कार्यक्रम में सरपंच रेवती रमन दहिया का विशेष सहयोग रहा आज भारत में मोतिया बिंद भी समस्या है स्क्रीनिंग भी की जाएगी जिससे रोगों का निदान हो सके।




## नव वर्ष के उपलक्ष में नरसिंह मंदिर में विशाल भंडारा



**अमरपाटन**–स्थानीय अति प्राचीन नरसिंह मंदिर पुरानी बस्ती में नव वर्ष के उपलक्ष में जगतगुरु स्वामी रोहणीश्वर प्रसन्नाचार्य जी महाराज के सानिध्य में गुरु शिष्य के मिलन के अवसर में विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है ।इस अवसर में जगतगुरु द्वारा शिष्यों को आशीर्वाद एवं मिलन कार्यक्रम रहेगा ।इसमें शिष्यों एवं भक्तों से निवेदन है की ज्यादा से ज्यादा उपस्थित होकर गुरु दर्शन का लाभ उठाएं।

# नगर परिषद कोठी ने चलाया स्वच्छता अभियान

नवभारत न्यूज

**कोठी 10 जनवरी, नगर परिषद कोठी द्वारा इन दिनों नगर को साफ एवं स्वच्छ बनाए जाने के लिए लगातार कड़ा प्रयास किया जा रहा है और नगर की सड़कों को भी साफ एवं सुंदर रखा जा रहा है साथ-साथ सभी गंदी जगह की विशेष रूप से सफाई की जा रही है।**



नगर की सभी नालियों में जमा खरपतवार को नगर परिषद के कर्मचारियों द्वारा पिछले कई दिनों से लगातार साफ किया जा रहा है साथ ही सड़कों को नियमित रूप से साफ सुंदर एवं स्वच्छ रखने का प्रयास किया जा रहा है नगर परिषद द्वारा कचरा गाड़ी भी नियमित रूप से अब नगर के सभी वार्ड गली और मोहल्ले में भेजी जाती है जिससे कि नगर वासी अपना कचरा कचरा गाड़ी में दे सके और स्वच्छता में सहयोग प्रदान कर सके नगर परिषद कोठी के मुख्य नगर परिषद अधिकारी संजय सिंह ने सभी नगर वासियों से स्वच्छता में सहयोग प्रदान करने की विनम्र अपील की है साथ ही व्यापारियों से भी आग्रह किया है कि वह सड़क को साफ सुंदर स्वच्छ रखें एवं सड़क में गंदगी ना फैलाएं अपने प्रतिष्ठानों पर डस्टबिन का उपयोग करें और कचरा डस्टबिन में डालें कचरा गाड़ी आने पर अपने कचरे को कचरा गाड़ी में दें जिससे की कोठी नगर स्वच्छता में एक कदम और बढ़ सके।

# सुतीक्षण आश्रम के पास किया गया बोरी बंधान

▶ पिपरी टोला में जल संचयन के लिए बोरी बंधान

नवभारत न्यूज

**सतना 10 जनवरी, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था शिवा ग्रामीण विकास संस्थान एवं प्रस्फुटन समिति पिपरी टोला के संयुक्त तत्वावधान में जल संचयन अभियान के अंतर्गत सुतीक्षण आश्रम के पास बोरी बंधान कार्यक्रम आयोजित किया गया।**




कार्यक्रम जिला समन्वयक राजेश तिवारी के निर्देशन एवं विकासखंड समन्वयक विजयेंद्र जडिया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसमें समाजसेवियों एवं ग्रामीणों ने श्रमदान कर सक्रिय सहभागिता निभाई। वक्ताओं ने कहा कि बोरी बंधान जल संरक्षण का प्रभावी माध्यम है, जिससे भू-जल स्तर में वृद्धि होती है तथा गर्मी के मौसम में पशु-पक्षियों और किसानों को लाभ मिलता है। जल के बिना जीवन असंभव है, इसलिए जल एवं पर्यावरण संरक्षण आवश्यक है। कार्यक्रम का संयोजन विकासखंड समन्वयक विजयेंद्र जडिया, सेक्टर प्रभारी बृजेंद्र सिंह, भईयन विश्वकर्मा एवं राम बिहारी शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# दीपक होंडा क्रिकेट टूर्नामेंट रामनगर में खरमसेडा ने जीत दर्ज की



नवभारत न्यूज

**रामनगर 10 जनवरी, क्रिकेट टूर्नामेंट के शुभारंभ के पहले दिन के मुख्य अतिथि समाजसेवी विनित पाण्डेय विशिष्ट अतिथि व्यापारी संघ अध्यक्ष पुरुषोत्तम दास गुप्ता चुन्ना भाई वरिष्ठ पत्रकार अलाउद्दीन सिद्दीकी ,राजेन्द गुप्ता जबकि अध्यक्षता दीपक गुप्ता ने की।**

आजाद मैदान रामनगर में खेल गए मैच में खरमसे?ा ने टॉस जीतकर गंजास को पहले बल्लेबाजी करवाते हुए निर्धारित 15 ओवर में 154 रन पर रोककर 14 ओवर में खरमसेडा ने मैच जीत लिया। इसी के साथ रामनगर में दीपक होंडा के सौजन्य से क्रिकेट का महाकुंभ शुरू हो गया। रामनगर के खेल मैदान में आज से होंडा कप सीजनङ्क3 का भव्य आगाज़ हो गया है। खिलाड़ियों और आयोजकों की मौजूदगी में टूर्नामेंट की शुरुआत हुई, मैदान में जोश और उत्साह साफ़ देखने को मिल रहा है। टूर्नामेंट में हर कैच पर इनाम रखा गया है विजेता टीम को 71,000 नकद पुरस्कार दिया जाएगा। स्थानीय प्रतिभाओं को मंच देने वाला यह टूर्नामेंट क्रिकेट प्रेमियों के लिए किसी उत्सव से कम नहीं। आने वाले दिनों में रोमांचक मुकाबलों का इंतज़ार रहेगा।

## समय से वेतन न मिलने से शिक्षको में छाया असंतोष

**सतना।** मैहर जिले के अमरपाटन विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी का डीडीओ कोड रिन्यू न होने के कारण, 3 हजार से अधिक शिक्षकों का दिसम्बर माह का वेतन जनवरी में 01 तारीख को मिल जाना चाहिए पर आज दिनांक तक वेतन जारी नही हुआ है शासकीय शिक्षक संगठन के जिला अध्यक्ष अतुल सिंह परिहार से मिली जानकारी अनुसार सामान्य प्रक्रिया को पूर्ण ना करना संबंधित अधिकारियों की उदासीनता है जिसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से जल्द से जल्द वेतन भुगतान कराए जाने की मांग कलेक्टर मैहर से की गई है वर्तमान स्थित को देखते हुए शिक्षकों को मकर संक्राति त्यौहार के बाद भी वेतन मिलने की संभावनाएं कम ही दिख रही हैं । विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी अमरपाटन का डीडीओ कोड कलेक्टर मैहर के द्वारा रिन्यू किया जाना है ऐसे में वेतन न मिलने से शिक्षकों के सामने कई तरह की समस्याएं ख?ी हो गई हैं।


# 44 वीं अखिल भारतीय फुटबाल प्रतियोगिता का आगाज आज से

**कोठी 10 जनवरी,** नगर सहित आसपास के क्षेत्र के खेल प्रेमियों प्रेमियों का इंतजार रविवार को खत्म होगा और कोठी के अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह खेल मैदान में दोपहर 1 से 44वीं अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह स्मृति अखिल भारतीय फुटबाल प्रतियोगिता का आगाज समारोह पूर्वक किया जाएगा। आयोजन समिति के सचिव नलिनेंद्र मिश्र डब्बू ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच कश्मीर वॉरियर्स जम्मू कश्मीर एवं जपिया एफसी असम के मध्य दोपहर 1 बजे से खेला जाएगा । उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि नागौद विधायक नागेंद्र सिंह होंगे वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष विकल्प सिंह करेंगे, विशिष्ट अतिथि के रूप में रैगांव विधानसभा की पूर्व विधायक श्रीमती कल्पना वर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी कुंवर अभय सिंह रोली भैया एवं एलटीके प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मनीष सिंह एवं आनंद पांडे मौजूद रहेंगे.

# वीरेंद्र प्रताप सिंह का निधन,दी गई श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज

**सतना 10 जनवरी,** पिपरी कलां के समाजसेवी अरुणेंद्र प्रताप सिंह मुन्ना के पिता वीरेंद्र प्रताप सिंह के आकस्मिक निधन पर उनके गृह ग्राम कुंदहरी पहुंचकर नागौद विधायक नागेन्द्र सिंह, राजपरिवार के प्रमुख छत्रसाल सिंह जूदेव, पूर्व विधायक यादवेन्द्र सिंह, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष गगनेंद्र प्रताप सिंह, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि भगवेन्द्र सिंह, जिला पंचायत सदस्य ज्ञानेन्द्र सिंह ज्ञानू, अशोक द्विवेदी, जनपद सदस्य सतेन्द्र सिंह, कौशलेंद्र सिंह, तरुण मिश्रा, सुबोध सिंह, अतुल सिंह परिहार, राजाराम गुप्ता, महेन्द्र सिंह,उपेन्द्र पांडेय, रामबहादुर लोधी, अश्वनी परौहा,पंकज मिश्रा, त्रिवेन्द्र मिश्रा, बल्लभ कुशवाहा ,मनोज कुशवाहा, गुड्डू परौहा सहित ग्रामवासियों से शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की है।






# सांदीपनि विद्यालय बगहा ने राज्यमंत्री को भेंट की पत्रिका आलोक

नवभारत न्यूज

**सतना 10 जनवरी,** शासकीय सांदीपनि उ मा वि बगहा के शिक्षक विनय कुमार कनौजिया ने बताया की आज 10 जनवरी 2026 को शासकीय सांदीपनि उ मा वि बगहा सतना के प्राचार्य रघुवंश प्रसाद मिश्रा के निर्देश पर राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी को सांदीपनि विद्यालय बगहा की वार्षिक पत्रिका "आलोक" भेंट किया गया और इस वर्ष के पत्रिका के लिये शुभकामना संदेश लिया गया।

राज्य मंत्री के कार्यालय में आलोक पत्रिका भेंट करने वालों में संस्था के शिक्षक विनय कुमार कनौजिया और डॉ रामायण प्रसाद विश्वकर्मा थे ।

## वयोवृद्ध समाजसेवी गणेश दाहिया कंपाउंडर नहीं रहे



**नागौद।** दाहिया दहायत समाज के संरक्षक ,पूर्व अध्यक्ष वयोवृद्ध समाजसेवी श गणेश दाहिया सेवानिवृत्त कंपाउंडर का आज लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे गणेशा के नाम से लोकप्रिय थे। अंतिम संस्कार प्रयागराज में किया जाना है। उनके निधन पर गोरेलाल दाहिया, रमेश दाहिया, रामकरण दाहिया रेरुआ, रामबालक दाहिया, धनेन्द्र दाहिया, दीपक दाहिया,कमला दाहिया, श्यामशरण दाहिया, के .दाहिया आदि ने शोक व्यक्त किया है।

# हिन्दू युवाओं ने वाहन रैली से दिया एकता का संदेश

## सी .एम .ए . स्कूल रीवा रोड में युवा सम्मेलन 11 जनवरी को

नवभारत न्यूज

**सतना 11 जनवरी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आयोजित होने वाले युवा सम्मेलन की वाहन रैली आज निकाली गई यह यात्रा व्यंकट क्रमांक 2 से प्रारंभ होकर स्टेशन रोड जयस्तंभ चौक सिटी कोतवाली धवारी चौक राजेन्द्र नगर सिविल लाइन सर्किट हाउस होते हुए रीवा रोड हवाई पट्टी विवेकानंद जी के प्रतिमा में भारतमाता की आरती कर यह यात्रा समाप्त हुई।**

इस वाहन रैली में सामाजिक,व्यसायिक,धार्मिक राजनीतिक संगठन के युवाओं ने सहभागिता की। 40 बस्तियों के नागरिकों बंधुओ के साथ-साथ विभिन्न महाविद्यालयों एवं विद्यालयों के विद्यार्थियों भी बड़ी संख्या में उपस्थिति रहे । रैली के माध्यम से युवाओं ने समाज में एकता, संगठन और राष्ट्रभक्ति का सशक्त संदेश दिया।

रैली के दौरान भगवा ध्वज, देशभक्ति नारों और अनुशासनबद्ध पंक्तियों ने पूरे क्षेत्र में उत्साहपूर्ण वातावरण निर्मित कर दिया। आज की रैली ने यह स्पष्ट कर दिया कि हिन्दू समाज एकजुट होकर समाज और राष्ट्र के लिए सकारात्मक दिशा में कार्य करने को तत्पर है, और आने वाला हिन्दू सम्मेलन इस एकता का ऐतिहासिक उदाहरण बनेगा । जानकारी जिला प्रचार प्रमुख शिवम तिवारी ने दिया

**विवेकानंद हमारे प्रेरणास्त्रोत : उत्तम बनर्जी**- युवाओं की वाहन रैली को भगवा ध्वज दिखाकर प्रांत कार्यवाह ने रवाना किया साथ ही अपने उद्बोधन में कहा कि विवेकानंद जी ने राष्ट्र का गौरव ब?ाया था वैसे ही आज के युवा को भी संगठित होकर राष्ट्र और समाज के लिए कार्य करने की आवश्यकता है

**संगठित हिन्दू समर्थ भारत**-संघ शताब्दी वर्ष केवल उत्सव का नहीं, बल्कि समाज को संगठित कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का अवसर है। आज देश महापुरुषों के बताए गए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है हिन्दू सम्मेलन इसी उद्देश्य को लेकर समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़ने का प्रयास है।

## 40 बस्तियों में आयोजित होगा हिंदू सम्मेलन

नगर प्रचार प्रमुख शिवांचल पाण्डेय ने बताया कि 15 से 30 जनवरी तक हिन्दू समाज द्वारा 40 हिन्दू सम्मेलन आयोजित है जिसमे से कई स्थानों में 18 जनवरी को है। 15 से 30 जनवरी तक चलने वाले हिन्दू सम्मेलन के अंतर्गत विभिन्न वैचारिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियां आयोजित की जाएँगी, जिनमें समाज के सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी ।प्रत्येक बस्ती में हिन्दू सम्मेलन गौ, भूमि ,कन्या पूजन के साथ प्रारंभ होगा और सम्मेलन भारत माता की आरती के साथ समापन होगा।

# गाथा श्रीराम मंदिर की दिव्य प्रस्तुति आज शाम बीटीआई मैदान में

▶ 500 वर्षों के ऐतिहासिक संघर्ष पर आधारित कार्यक्रम रविवार को आयोजित

नवभारत न्यूज

**सतना 10 जनवरी, भगवान श्रीराम की तपोभूमि मां शारदा की पावन नगरी सतना में 11 जनवरी रविवार को शाम 4 बजे से बीटीआई ग्राउंड परिसर में 500 वर्षों की अनसुनी सच्चाई को बताने गाथा श्रीराम मंदिर कीसंगीतमय महागाथा का भव्य आयोजन सामाजिक संस्था यूथ हेल्पिंग हँड्स द्वारा किया जा रहा गया है।**

गाथा के मुख्य बिंदु 1.45 मिनट का यह कार्यक्रम एआई और एल डी के माध्यम में मंच के पीछे प्रसारित होगी । यह कार्यक्रम लगातार चलेगा और बीच में तीन मिनट में श्री हनुमान चालीसा का भव्य और दिव्य गायन होगा और आतिशबाजी जो विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा । कार्यक्रम में भगवान श्री राम के बाद अयोध्या का क्या हुआ कौन थे राजा वृहदबल जिनके बाद अयोध्या सुनी हो गई। कलयुग में सबसे पहले किसने और कैसे ढूंढा सटीक जन्मस्थान। किसने बनवाया श्री राम जन्मभूमि मंदिर बाबर ने क्यों तोड़ा राम मंदिरा मुगल काल में क्या हुआ नवाबों के काल में क्या हुआ। लाखों हिंदू कैसे मार दिए गए संघर्ष में साधुओं का क्या योगदान रहा। अंग्रेजों के काल में क्या हुआ कैसे आजादी के बाद अचानक प्रकट हुए रामलला 1949 से लेकर क्या-क्या राजनीतिक उथल-पुथल हुई। कैसे जीता राम मंदिर पक्ष। यह सब कार्यक्रम दिखाया जाएगा। इस महा गाथा का वर्णन देश के जाने-माने कथाकार मोहित सेवानी (भोपाल) द्वारा रचित है यह आयोजन संत समाज ब्राह्मण समाज जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों की गरिमामय उपस्थिति में किया जाएगा। यह जानकारी संस्था द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता में संस्थापक रूपेश वलेचा , मार्गदर्शक भाजपा जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय, सांसद प्रतिनिधि उमेश प्रताप सिंह , पुष्पराज सिंह,मनोहर डिगवानी, प्रदीप अरोड़ा एवं मीडिया प्रभारी विनोद गेलानी ने दी। पत्रकार वार्ता में बताया गया कि बीटीआई मैदान में लगभग 5 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है वैसे वहां 15 हजार दर्शक पहुंचेंगे तब असुविधा नहीं होगी। इसलिए परिवार सहित आएं और बच्चों और युवाओं को तो विशेष रुप से कार्यक्रम को देखना सुनना चाहिए। इस कार्यक्रम की प्रस्तुति श्री राम मंदिर परिसर अयोध्या और मुख्यमंत्री निवास में हो चुकी है। कोर कमेटी के अमित भावनानी अमित शर्मा ने बताया इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य श्री राम जन्मभूमि आंदोलन के लगभग 500 वर्षों की संघर्ष त्याग तपस्या और गौरवशाली इतिहास को जन-जन तक पहुंचना है जिससे समाज में धार्मिक चेतना सांस्कृतिक गौरव एवं राष्ट्रबोध सामाजिक समर्थ को अधिक दृढ़ किया जा सके।




आयोजक मंडल के अमित शर्मा ,राजेंद्र गुप्ता, संजय खिलवानी, अमन जयसवाल, योगेश दासानी, गुलाब राय नागदेव, सोन नामदेव, हिमांशु श्रीवास्तव, हिमांशु अरोरा, नित्यानंद द्विवेदी ,जयकुमार ठाकुर, दिलीप सोनी ,जितेंद्र साबनानी ,महिला मंडल से डॉ. मनीष सोई डॉ. एकता वाधवानी, पूजा चतुर्वेदी, ज्योति मनवाणी डाली,भंवरी माधुरी शर्मा, सुहानी वलेचा, स्वाति तिवारी, मोना चोपड़ा ,राखी होतचंदानी, सिमरन होतचंदानी, सुजाता शर्मा, अक्षर दासानी ने सर्व समाज के सभी माता बहनों युवाओं बुजुर्गो से इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया है।